**Bihar Education Project**
**Shiksha Bhawan(Third Floor)**
Watson +2 High School Campus,
**Madhubani- 847211**

बिहार शिक्षा परियोजना
शिक्षा भवन, (तृतीय तल)
वाटसन+ 2 उच्च विद्यालय परिसर
मधुबनी –847211

पत्रांक–1990

प्रेषक,

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान,
मधुबनी।

सेवा में,

1. उप विकास आयुक्त, मधुबनी
2. अपर समाहर्त्ता, राजस्व, मधुबनी।
3. वरीय कोषागार, पदाधिकारी, मधुबनी।
4. जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी।
5. सभी प्राचार्य(प्रधानाचार्य) नव संचालित महाविद्यालय, मधुबनी
6. कार्यपालक अभियंता (PHED, LAEO एवं विद्युत)
(जिला पदाधिकारी द्वारा नामित सदस्य)

मधुबनी,दिनांक :20/06/2026

विषय : नव संचालित महाविद्यालयों के संचालन के लिए सभी आवश्यक आवश्यकता वाले सामग्री क्रय हेतु क्रय समिति की बैठक में भाग लेने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में अंकित करना है कि जिला पदाधिकारी, मधुबनी कार्यालय ज्ञापांक–1526 दिनांक–02.06.2026 एवं जिला पदाधिकारी ज्ञापांक– 1840(SSA) दिनांक–10.026.2026 के आलोक में डिग्री कॉलेज के संचालन के लिए सभी आवश्यक आवश्यकता वाले सामग्री यथा– उपस्कर, फर्नीचर, स्टेशनरी एवं अन्य सामग्री के क्रय निर्धारित समय सीमा के अन्दर करने हेतु अति अल्पकालिन निविदा के माध्यम से क्रय की प्रक्रिया आरंभ किया गया है। जिला पदाधिकारी से प्राप्त निदेश के आलोक में प्राप्त निविदा को खोलने हेतु क्रय समिति की बैठक दिनांक 23.06.2026 को उप विकास आयुक्त, मधुबनी के कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाह्न–10:00 बजे आहूत की गई है।

अतः अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को ससमय उपस्थित रहने की कृपा की जाय ताकि सभी सदस्यों के समक्ष निविदा पर निर्णय लिया जा सके।

विश्वासभाजन
20/6/26
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान
मधुबनी।

ज्ञापांक 1990 मधुबनी दिनांक 20वीं जून 2026

प्रतिलिपिः– सभी निविदादाता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपिः– लेखा पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उक्त बैठक में अल्पाहार क़ी व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपिः– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित। अनुरोध है कि इस पत्र को NIC पोर्टल (www.madhubani.nic.in) पर अपलोड करने की कृपा की जाए।

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।

20/6/26
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान
मधुबनी।

Scanned with OKEN Scanner